**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2194**
**23.09.2020 को उत्तर के लिए**

**राष्ट्रीय वन नीति, 2018**

**2194. श्री सुधीर गुप्ता :**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :**
**श्री बिद्युत बरन महतो :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की स्थिति के अनुसार देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितनी भूमि पर वन/पेड़ हैं;
(ख) क्या सरकार ने नई राष्ट्रीय वन नीति, 2018 बनाई है;
(ग) यदि हां, तो इसके उद्देश्यों और कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने विभिन्न शेयरधारकों से प्रारूप राष्ट्रीय वन नीति, 2018 पर टिप्पणियां/सुझाव मांगे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या हैं;
(ङ) क्या नई राष्ट्रीय वन नीति में लोगों को सरकारी भूमि पर पेड़ लगाने, उनकी देखभाल करने और उनके विपणन की अनुमति दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) नई राष्ट्रीय वन नीति को कब तक लागू कर दिया जाएगा?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून देश के वन आवरण का द्विवार्षिक रूप से आकलन करता है और इसके परिणामों को भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आइएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है। नवीनतम रिपोर्ट अर्थात आइएसएफआर-2019 के अनुसार, देश में कुल वन और वृक्ष आवरण 8,07,276 [वन आवरण :- 7,12,249 (21.67%) और वृक्ष आवरण 95,027 (2.89%)] है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 24.56% है। आइएसएफआर-2017 की तुलना में कुल वन और वृक्ष आवरण में 5,188 वर्ग किलोमीटर (वन आवरण 3976 वर्ग किलोमीटर और वृक्ष आवरण 1212 वर्ग किलोमीटर) की वृद्धि हुई है। वन आवरण और वृक्ष आवरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-1 में दिया गया है।

(ख) से (च) राष्ट्रीय वन नीति, 1988 प्रमुख नीतिगत दस्तावेज है जिसमें देश के वनों के संरक्षण, सुरक्षा और प्रबंधन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत समाविष्ट हैं।

मौजूदा राष्ट्रीय वन नीति, 1988 को अद्यतन करने के लिए सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श करने के बाद एक प्रारूप तैयार किया गया था। यह प्रारूप सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को परिचालित किया गया था। इस प्रारूप को सार्वजनिक/निजी क्षेत्रों में हितधारकों, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटियों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से टिप्पणियां आमंत्रित करने के लिए मार्च, 2018 में पब्लिक डोमेन पर भी डाला गया था।

इन टिप्पणियों/सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रारूप में पारि-प्रणाली सेवाओं और पारिस्थितिकीय सुरक्षा के प्रावधान हेतु वनों के सतत प्रबंधन के आधार पर लोगों की आजीविका में सुधार करने, वनों की उत्पादकता में वृद्धि करने, कृषि-वानिकी और फार्म-वानिकी के संवर्धन, जलवायु परिवर्तन संबंधी मुद्दों का निराकरण, आदि सहित विभिन्न पहलुओं के संबंध में समुचित ढंग से संशोधन किए गए हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय वन नीति, 1988 को अद्यतन करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। फिलहाल मौजूदा राष्ट्रीय वन नीति, 1988 प्रचालन में है।

*****

**अनुबंध-1**

**'राष्ट्रीय वन नीति, 2018' के संबंध में दिनांक 23.09.2020 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2194 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आइएसएफआर) के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वन आवरण और वृक्ष आवरण**

**(वर्ग किलोमीटर में क्षेत्र)**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | भौगोलिक क्षेत्र | कुल वन आवरण 2019 | कुल वृक्ष आवरण 2019 |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1,62,968 | 29,137 | 3,914 |
| अरुणाचल प्रदेश | 83,743 | 66,688 | 848 |
| असम | 78,438 | 28,327 | 1,408 |
| बिहार | 94,163 | 7,306 | 2,003 |
| छत्तीसगढ़ | 1,35,192 | 55,611 | 4,248 |
| दिल्ली | 1,483 | 195.44 | 129 |
| गोवा | 3,702 | 2,237 | 272 |
| गुजरात | 1,96,244 | 14,857 | 6,912 |
| हरियाणा | 44,212 | 1,602 | 1,565 |
| हिमाचल प्रदेश | 55,673 | 15,434 | 829 |
| जम्मू और कश्मीर * | 2,22,236 | 23,612 | 7,944 |
| झारखंड | 79,716 | 23,611 | 2,657 |
| कर्नाटक | 1,91,791 | 38,575 | 6,257 |
| केरल | 38,852 | 21,144 | 2,936 |
| मध्य प्रदेश | 3,08,252 | 77,482 | 8,339 |
| महाराष्ट्र | 3,07,713 | 50,778 | 10,806 |
| मणिपुर | 22,327 | 16,847 | 173 |
| मेघालय | 22,429 | 17,119 | 710 |
| मिजोरम | 21,081 | 18,006 | 441 |
| नगालैंड | 16,579 | 12,486 | 362 |
| ओडिशा | 1,55,707 | 51,619 | 4,648 |
| पंजाब | 50,362 | 1,849 | 1,592 |
| राजस्थान | 3,42,239 | 16,630 | 8,112 |
| सिक्किम | 7,096 | 3,342 | 36 |
| तमिलनाडु | 1,30,060 | 26,364 | 4,830 |
| तेलंगाना | 1,12,077 | 20,582 | 2,514 |
| त्रिपुरा | 10,486 | 7,726 | 231 |
| उत्तर प्रदेश | 2,40,928 | 14,806 | 7,342 |
| उत्तराखंड | 53,483 | 24,303 | 841 |
| पश्चिम बंगाल | 88,752 | 16,902 | 2,006 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8,249 | 6,743 | 41 |
| चंडीगढ़ | 114 | 22.03 | 25 |
| दादरा और नगर हवेली | 491 | 207 | 28 |
| दमन और दीव | 111 | 20.49 | 5 |
| लक्षद्वीप | 30 | 27.10 | 0.29 |
| पुडुचेरी | 490 | 52.41 | 23 |
| **कुल योग** | **32,87,469** | **7,12,249** | **95,027** |